फियोना नो-नो

पामेला जगर्स

फियोना नो-नो

यह एक सच्ची कहानी है जिसमें एक गधे
को लगा कि नो-नो उसके नाम का हिस्सा है!

द ग्रेट अमेरिकन चिड़ियाघर,
फियोना नाम की गधे का घर है.

वो अपने दोस्तों के साथ वहां बहुत मस्ती करती है
और कभी अकेलापन महसूस नहीं करती है.

बकरी, भेड़, हिरण, और लामा, और छोटा गधा भी,

मेलों और त्योहारों पर यात्रा करते हैं,

और चिड़ियाघर को आपके पास लाते हैं.

रास्ते में एक नए पड़ाव पर,
चिड़ियाघर का दल अपना तंबू गाढ़ता हैं.

नहाने के लिए जानवरों की कतार है
और टब में कितनी प्यारी खुशबू है!

सुबह का समय ठीक है, चिड़ियाघर साफ है और दिन के लिए खुला है.

लेकिन फियोना गधा मदद करना चाहती है - वो खेलना नहीं चाहती है!

कृपया यह न सोचें कि फियोना ऊब चुकी है—कोई उसके सर पर हाथ फेरे तो वो उसे बहुत पसंद है.

लेकिन वो आज चिड़ियाघर के चालक दल की मदद करना चाहती है ताकि वे दोपहर का खाना जल्दी खा सकें.

उसने अपने बड़े, दांतों में स्कूप को पकड़ा
लेकिन फिर उसने किसी को यह कहते हुए सुना,

"फियोना नहीं-नहीं! स्कूप नीचे रखो!
वो कोई खेलने की चीज़ नहीं है!"

वो पहले गोबर इकट्ठा करने वाला स्कूप
उठाती है और उसे फर्श पर घसीटती है.

बछड़ा मार्टी—वो जाने क्या सोच रहा था? -
उसने दरवाजे पर ही गड़बड़ कर दी!

फियोना यह नहीं समझी कि
चिड़ियाघर के लोग उससे खुश नहीं हैं.

वो अपना नाम सुनती है
और उन्हें हाथ लहराते हुई देखती है;
वो सोचती है कि वो उसे छेड़ रहे हैं!

यहाँ बहुत गर्मी हो रही है
जॉर्जेट सुअर को गर्मी लग रही है.

शायद थोड़ा पानी उसे ठंडा करे,
फियोना ने टब का पानी सुअर पर गिरा दिया!

फिर जोर से खड़खड़ाहट हुई और फिर छींटे पड़े.
"फियोना नहीं-नहीं!" चिड़ियाघर दल के लोग चिल्लाए.

"कृपया टब को वहीं छोड़ दो - नहीं तो पूरे चिड़ियाघर में
पानी भर जाएगा!'

ऐसा लगता है कि चिड़ियाघर में मदद करने के लिए फियोना को धन्यवाद दिया जा रहा है.

फियोना नहीं-नहीं मेरा नाम है—मैं मदद कर रही हूं और मज़ा भी ले रही हूं!

उसने और अधिक मदद करने के लिए चारों ओर देखा. उसने ऐस्पन हिरण को देखा. एस्पेन जाली में से घास खाने की कोशिश कर रहा था. मैं उसकी कैसे मदद कर सकती हूँ?

मैं हवा में पीछे से कूदूंगी और घास की जाली पर खुर मारूंगी.

उससे बीच की नरम पत्तियां ढीली हो जाएंगी जिन तक वैसे पहुंचना बहुत कठिन होगा!

उसने सामने से खुर मारा
लेकिन अफसोस कि उसका खुर फंस गया!

उसने खुद को मुक्त करने की कोशिश की,
लेकिन वो जल्द ही थक गई और कुछ नहीं कर पाई.

"फियोना नहीं-नहीं!" किसी ने उसे डाँटा.
"जाल को मत उलझाओ!

तुम जरूर गिरोगी और खुद को चोट पहुँचाओगी –
क्या तुम्हें अभी तक 'नहीं' का क्या अर्थ समझ में नहीं आया?'

फियोना हवा में उठी. वो रंभाई और उसने सूंघा.
वो बोज नाम की बकरी की ओर भागी, जो एक मुश्किल में फंसी थी.

जुड़वां पिग्मी अपने सिर लड़ा रहे हैं!
फियोना, कृपया उनकी मदद करो!"

मैं तुम्हारी मदद करूंगी, बोज. मैं लड़ाई रोक दूँगी!
लेकिन फियोना लड़ाई रोकना नहीं जानती थी.

फियोना ने चिड़ियाघर के चालक दल की तलाश की.
उसने उन्हें दरवाजे पर लोगों का अभिवादन करते हुए देखा.

वो मदद मांगने के लिए उनसे टकराई - वो रंभाई और
उसने आवाज़ें कीं.

फियोना की मदद की गुहार किसी को समझ में नहीं आई.

उसने पैम की बेल्ट खींचकर उसका ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की!

"फियोना नहीं-नहीं! मुझे जाने दो! मुझे जाने दो!

मैं तुम्हारा माथा सहलाऊंगी.
क्या उससे तुम्हारी परेशानी दूर होगी?"

फियोना को वो बहुत अच्छा लगा,
फिर वो लड़ाई के बारे में भूल गई.

मैं बस खड़ी रहूँगी और उसे अपना माथा
सहलाने दूँगी!

अब तक का दिन काफी व्यस्त रहा है,
लेकिन मैं कुछ और मदद करना चाहती हूं...

अगर मैं दरवाज़ा खोलकर कुछ बच्चों को अंदर
आने दूँ, तो!

फियोना ने अपने दांतों से
हैंडल पकड़ा, पर तभी जानवर
चिल्लाने लगे.

"दरवाजा खुला है!
चलो बाहर खेलते हैं!
आओ, जल्दी से बाहर निकलें!"

सभी जानवर अपने बाड़े से
दौड़े और चिड़ियाघर से बाहर
भाग गए.

फियोना ने उनके लिए
दरवाजा खुला रखा.
लेकिन वो खुद बाहर नहीं गई.

"फियोना नहीं-नहीं!" चिड़ियाघर का चालक दल चिल्लाया. "देखो, जानवर जा रहे हैं!

फियोना, अभी दरवाजा बंद कर दो नहीं तो हम पूरी शाम उनका पीछा करते रहेंगे!"

अगर मैं यहाँ रहूँगी, तो मुझे अच्छी दावत मिलेगी - और लोग मेरा माथा सहलायेंगे.

फिर मैं चिड़ियाघर की अभी तक की सबसे अच्छी सहायक बनूंगी!

पर तब तक बहुत देर हो गई थी. जानवर मेले में खो गए थे.

चिड़ियाघर का चालक दल उन्हें वापस लाने के लिए दौड़ा.
लेकिन फियोना ने उसकी कोई परवाह नहीं की.

मुझे अब भूख लगी है और
देखो! वो मेरे लिए कितनी सारी
घास छोड़ गए हैं!

उन जानवरों ने चिड़ियाघर
छोड़कर बड़ी मूर्खता की है.
मुझे खुशी है कि मैं नहीं गई!

थोड़ी देर बाद, फियोना ने देखा कि उसके दोस्त जानवर दरवाजे से अंदर आ रहे थे.

अरे, वो कितना रोमांचक दिन रहा. मैं अब कुछ और मदद करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती!

समाप्त